an>

Title: Regarding infiltrations from Bangladesh into Jharkhand, Assam, West Bengal and other states of the country.

श्री निशिकान्त दुबे : सभापति महोदय, मैं जिस राज्य से आता हैं वहां का इलाका संथाल परगणा है आज वह पर साइबर क्राइम की गिरफ्त में है। आप हमारे यहां का अखबार निकालेंगे और फ्रंट पेज छह जिले में साइबर क्राइम के बारे खबरें मिलेगी। संथाल परगना साइबर क्राइम का सबसे बड़ा अड्डा हो गया है। जय प्रकाश जी भी बगल में बैठे हैं। मैं 2007 की एक रिपोर्ट देख रहा था, 20 मई, 2007 की रिपोर्ट है, यह उस समय यूपीए की ही सरकार थी। In West Bengal, police arrested Mohammed Sayeed from Jandara district in the State of Jharkhand in connection with the May 18 Mecca Masjid Blast in Hyderbad, Capital of Andhra Pradesh. मलियाचक के बाद यह दूसरा न्यूज़ है, मालदा की घटना के बाद नारकोटिक्स डिपार्टमेंट का एक रिपोर्ट है वह कह रहा है कि Narcotic money is at the heart of lawlessness in Malda bordering Bangladesh. Police say a large portion of this drug money goes into buying sophisticated weapons, smuggled through the porous Bangladesh border and running hundreds of unrecognised Madrasas in the district border areas like Gopalganj, Baliganga, Kalichak, Mohabbatpur, Motihari and Danga are now the epicentre of anti-national activities.

सभापति महोदय, मैं जो मुद्दा उठा रहा हूं, वह कोई हिन्दू और मुसलमान का नहीं है। मैं बार-बार यह मुद्दा उठाता हूं और पूरे सदन से आग्रह करता हूं कि यह मुद्दा है बांग्लादेश के घुसपैठियों का और हिन्दुस्तान में रहने वाले लोगों का। हिन्दुस्तान में रहने वाले लोग हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई, सभी का यह देश है। इसमें किसी को कोई कनफ्यूज़न नहीं है, लेकिन जो लोग बांग्लादेश से आते हैं या पाकिस्तान से आते हैं, वे घुसपैठिए हैं, वे देशद्रोही हैं। यह समझने की बात और इसमें वोट बैंक की कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

महोदय, पाकिस्तान का ग्रेटर बांग्लादेश बनाने का सपना अधूरा रह गया था। यह खुलासा, जब श्री एस.के. सिन्हा, असम के गवर्नर थे, तब उन्होंने एक 42 पेज की रिपोर्ट दी थी, उससे होता है। उन्होंने रिपोर्ट में कोट किया था कि उस वक्त यदि बारदोलई साहब नहीं होते, तो 1947 में ही असम, ईस्ट बंगाल का पार्ट होता, मतलब बांग्लादेश का पार्ट होता। इसी कारण से पूरी की पूरी डेमोग्राफी है, फिर चाहे वह असम की, उसके प्रत्येक जिले की, सारे के सारे जिलों की, फिर चाहे बंगाल से सटा हुआ जिला हो, चाहे बिहार हो, चाहे झारखंड, जहां से मैं आता हूं, वह हो। वहां प्रत्येक 25 साल में 77 प्रतिशत मुस्लिम पॉपुलेशन बढ़ जाती है जबकि हिन्दू पॉपुलेशन केवल 42 परसेंट बढ़ती है। इस कारण से वहां का पूरा का पूरा माहौल बिगड़ा हुआ है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से दो आग्रह करना चाहता हूं कि जो इंदिरा-मुजीबुर्रहमान पैक्ट हुआ था, उसके कारण समस्या है। दूसरा श्री राजीव गांधी साहब ने 1985 में एक असम-एकॉर्ड किया था, जो अब आउट डेटेड हो गया है। उसे सुप्रीम कोर्ट ने भी खत्म कर दिया है। इसलिए मेरी मांग है कि जितने भी बांग्लादेशी माइग्रेंट हैं, उन्हें बाहर करने के लिए भारत सरकार कोई न कोई कानून बनाए और कम से कम इन दोनों एक्ट्स को रीविज़िट करे। मेरा आपके माध्यम से सिर्फ यही आग्रह है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, श्री निशिकान्त दुबे द्वारा सदन में उठाए गए मुद्दे से सर्वश्री

चन्द्र प्रकाश जोशी,

सुधीर गुप्ता,

भैरोंप्रसाद मिश्र,

कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

पी.पी. चौधरी एवं

श्री शरद त्रिपाठी अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

माननीय सभापति: श्री हुक्मदेव नारायण यादव - उपस्थित नहीं।